The college offers a wide range of facilities on campus to support students' well-rounded development and incorporates athletics into its curriculum. It promotes active involvement in intercollegiate competitions hosted by HPU as well as other intercollegiate and intra-collegiate sporting events, highlighting a harmonious environment of academics, culture, and athletics.

Out institution have extensive facilities for both indoor and outdoor sports. Wrestling, Wushu, Badminton, Table Tennis, Chess, Kabaddi, Judo are available indoors. Along with the major games students also enjoy playing minor games in indoor hall such as carom, rope skipping, board games etc. The institution also has outdoor spaces for Basketball, Volleyball, Cricket, Handball, Kho-Kho, football, hockey and more. As the college's yearly event, the Department of Physical Education and Sports organises Annual Athletic Meet to identify talent and give en extra edge to students who did not get opportunity in extramurals.

There is also a specialized Yoga Center where staff and students practice yoga and meditation for their well-being, as well as a gymnasium with a variety of fitness equipment.

**List of Participation in HPU Inter-college Championships during the Session 2023-24**

| S.No. | Event | Section | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| 1 | Handball | Men | 10 |
| 2 | Football | Men | 16 |
| 3 | Hockey | Men | 15 |
| 4 | Kho-Kho | Men | 15 |
| 5 | Cricket | Men | 16 |
| 6 | Judo | Men | 03 |
| 7 | Kabaddi | Men | 12 |
| 8 | Badminton | Men | 06 |
| 9 | Boxing | Men | 08+01 |
| 10 | Basketball | Men | 12 |
| 11 | Chess | M & W | 05+05 |
| 12 | Volleyball | Women | 08 |
| 13 | Badminton | Women | 05 |
| 14 | Kabaddi | Women | 12 |
| 15 | Basketball | Women | 12 |

**List of Participation in Inter-class Championships during the Session 2023-24**

| S.No. | Event | Section | Date of Event |
|---|---|---|---|
| 1 | X-Country | M & W | 05.09.2023 |
| 2 | Basketball | M & W | 12.09.2023 |
| 3 | Kabaddi | Men | 27.09.2023 |
| 4 | Badminton | M & W | 29.09.2023 |
| 5 | Cricket | Men | 30.09.2023 |
| 6 | Chess | M & W | 07.11.2023 |
| 7 | Badminton | Men | 22.02.2024 |
| 8 | Boxing | M & W | 22.02.2024 |
| 9 | Kabaddi | Women | 23.02.2024 |

Additionally, Annual Athletic Meet was also organized on dated 29.02.2024 and the details of the event are as follows:

| S.No. | Event | No. of Male Participants | No. of Female Participants | Total No. of Participants |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 100m | 21 | 20 | 41 |
| 2 | 200m | 13 | 17 | 40 |
| 3 | 400m | 08 | 18 | 26 |
| 4 | Shot put | 17 | 21 | 38 |
| 5 | Discus throw | 17 | 13 | 40 |
| 6 | Javelin throw | 14 | 12 | 26 |
| 7 | Long jump | 15 | 22 | 37 |
| 8 | High jump | 21 | 16 | 37 |
| | **Grand Total** | | | **285** |

DATE

# नेशनल किक बॉक्सिंग में घुमारवीं के नमन को सिल्वर



स्टाफ रिपोर्टर– घुमारवीं

■ होनहार ने रांची में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झटका मेडल

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के नमन कुमार ने अंडर-19 राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग स्पर्धा में द्वितीय स्थान झटका है। महाविद्यालय प्रेस समिति के प्रेस संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में झारखंड के हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में हुई प्रतियोगिता में नमन ने यह उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व भी नमन ने राज्य वुशू चैंपियनशिप में स्वर्ण तथा जिला जुडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. कृष्ण ने नमन को बधाई दी।

दिव्य हिमाचल 03/9/23

# घुमारवीं कालेज पहुंचने पर नमन का स्वागत




स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं पहुंचने पर नमन कुमार प्रधानाचार्य रामकृष्ण व सुरेश शर्मा के साथ • जागरण

**घुमारवीं** : राष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता अंडर-19 में दूसरा स्थान हासिल करने के बाद स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं पहुंचने पर कालेज प्रबंधन ने नमन कुमार का स्वागत किया। महाविद्यालय प्रेस समिति के संयोजक प्रो . सुरेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में झारखंड के हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में हुई प्रतियोगिता में नमन ने यह उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व भी नमन कुमार ने राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक तथा जिला जूडडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो . राम कृष्ण ने नमन को बधाई दी। (संस)

दैनिक जागरण 03/9/23

# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में नमन ने झटका दूसरा स्थान

हिमाचल दस्तक ■ घुमारवीं



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के नमन कुमार ने अंडर-19 राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

महाविद्यालय प्रेस समिति के प्रेस संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में झारखंड के हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में नमन कुमार ने यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी नमन कुमार ने राज्य वुशु चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक तथा जिला जूडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने नमन को बधाई तथा भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

हिमाचल दस्तक 03/9/23

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with CamScanner

259

दैनिक जागरण 21/11/23

# घुमारवीं महाविद्यालय के अजय ने जीता कांस्य पदक

संवाद सहयोगी, जोगेंद्रनगर : राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगेंद्रनगर में तीन दिवसीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की बाक्सिंग प्रतियोगिता के 48 किलोग्राम वर्ग में रामपुर बुशहर कालेज के निशांत ने स्वर्ण पदक जीता है। बैजनाथ कालेज के करण ने रजत तथा घुमारवीं कालेज के अजय व जोगेंद्रनगर कालेज के अनीश ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। 51 किलोग्राम वर्ग में मंडी के अविनाश चंदेल ने स्वर्ण, धर्मशाला कालेज के तेंजिन नोरबू ने रजत तथा चंबा के राजेश कुमार व मंडम्मियाणी कालेज के सुमित कुमार ने कांस्य पदक जीता। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की बाक्सिंग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय मंडी ओवरआल चैंपियन बना, जबकि राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर दूसरे तथा राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के खेल का आयोजन, जहां युवाओं को खेलों के प्रति जोड़ने में कारगर साबित होता है तो वहीं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का भी अवसर प्राप्त होता है। इससे पहले कालेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता सिंह ने एसडीएम एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता की जानकारी दी।



अंतर महाविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा • जागरण

## 54 किलोग्राम में चकमोह के वंशज ने जीता कांस्य पदक

54 किलोग्राम वर्ग में मंडी कालेज के निखिल ने स्वर्ण, ऊना कालेज के मन कौंडल ने रजत तथा चकमोह के वंशज शर्मा व धर्मशाला कालेज के राजेश ने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि 57 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर कालेज के आशीष कुमार ने गोल्ड, सुंदरनगर कालेज के जिज्ञेश ने सिल्वर तथा संजौली कालेज के जतिन व घुमारवीं के सुजल मैहता ने ब्रांज मेडल हासिल किया। 60 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर कालेज के आर्यन नेगी ने स्वर्ण, नगरोटा बगवां के हिमांशु ने रजत तथा रामपुर बुशहर के अर्पित व मंडी के मोहम्मद शमी ने कांस्य पदक जीता। इसी तरह 63.5 किलोग्राम वर्ग में रामपुर कालेज के अंकित ने सोना, सीमा कालेज के विशाल ने चांदी तथा आनी कालेज के अविनाश व सरस्वती नगर कालेज के प्रिंस लूटा ने कांस्य पदक हासिल किया 67 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर कालेज के मोहित ने स्वर्ण जीता।

दैनिक जागरण 22/11/23

# बाक्सिंग में घुमारवीं कालेज ने जीते तीन कांस्य पदक

संवाद सहयोगी, घुमारवीं : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से आयोजित बाक्सिंग चैंपियनशिप में स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के तीन छात्रों ने तीन कांस्य पदक जीते हैं।

जोगेंद्रनगर महाविद्यालय में हुई इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के तीन छात्रों अजय कुमार बीए तृतीय वर्ष ने 48 किलोग्राम, सूजल मेहता बीसीए प्रथम ने 57 किलोग्राम तथा शुभम भारद्वाज बीकाम द्वितीय ने 75 किलोग्राम भार प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीते हैं। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने तीनों विद्यार्थियों तथा उनके प्रशिक्षक गौरव सिंह का स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा सुरेश शर्मा, डा वासु गर्ग तथा बाक्सिंग प्रशिक्षक गौरव सिंह उपस्थित थे।



कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी कालेज प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण व अन्यों के साथ • जागरण

# छात्रों ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते तीन कांस्य



मुक्केबाजी स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर महाविद्यालयं घुमारवीं के छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य और अन्य। संवाद

घुमारवीं (बिलासपुर)। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के तीन छात्रों ने तीन कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जोगिंदर नगर महाविद्यालय में हुई। घुमारवीं कॉलेज के अजय कुमार ने 48 किलोग्राम, सूजल मेहता 57 किलोग्राम और शुभम भारद्वाज ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने तीनों विद्यार्थियों, उनके प्रशिक्षक गौरव सिंह का स्वागत किया और भविष्य में भी इस तरह की उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. वासु गर्ग और अन्य उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 22/11/23

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में घुमारवीं कॉलेज के छात्रों का कमाल

घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के तीन छात्रों ने तीन कांस्य पदक जीतकर प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया है। जोगिंद्रनगर महाविद्यालय में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के तीन छात्रों अजय कुमार बीए तृतीय ने 48 किलोग्राम, सूजल मेहता बीसी, प्रथम ने 57 किलोग्राम तथा शुभम भारद्वाज बीकॉम द्वितीय ने 75 किलोग्राम भार प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने तीनों विद्यार्थियों तथा उनके प्रशिक्षक गौरव सिंह का स्वागत कर भविष्य में भी इस तरह की उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. वासु गर्ग तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षक गौरव सिंह उपस्थित रहे।

हिमाचल दस्तक 22/11/23

Assistant ...

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में घुमारवीं महाविद्यालय के बॉक्सरों ने जीता कांस्य



**बिलासपुर, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के तीन छात्रों ने तीन कांस्य पदक जीतकर प्रदेश स्तर पर नाम रौशन किया है। जोगेंद्र नगर महाविद्यालय में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के तीन छात्रों अजय कुमार बीए तृतीय ने 48 किलोग्राम, सुज्जल मेहता बीसीए प्रथम ने 57 किलोग्राम तथा शुभम भारद्वाज बीकॉम द्वितीय ने 75 किलोग्राम भार प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता। महाविद्यालय पंहुचने पर प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने तीनों विद्यार्थियों तथा उनके प्रशिक्षक गौरव सिंह का स्वागत कर भविष्य में भी इस तरह की उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. वासु गर्ग तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षक गौरव सिंह उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

# घुमारवीं महाविद्यालय में महिला कबड्डी स्पर्धा



घुमारवीं, (आपका फैसला)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलों के आयोजन के अन्तर्गत अंतर कक्षीय तथा अंतर संकाय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है। फाइनल मैच में महाविद्यालय की टीम ए ने टीम बी से 21 के मुकाबले 42 स्कोर से मैच जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय सहपाठ्य गतिविधियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा तथा खेल प्रभारी प्रो. रमेश शर्मा उपस्थित रहे। खिलाड़ियों में अंकित शर्मा, प्रियंचाल, स्वाति, शालू, रिया, आरती शर्मा, बबली, अंशु ठाकुर, अनामिका, तमन्ना, किरण, नेहा, तमन्ना तथा श्वेता का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

आपका फैसला

24/02/2024

Principal
S.V. Govt. Degr
Ghumarwin, Dis

# घुमारवीं महाविद्यालय में महिला कबड्डी प्रतियोगिता, कॉलेज की टीम ए रही विजेता



घुमारवीं| स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.राम कृष्ण ने किया। फाइनल मैच में महाविद्यालय की टीम ए ने टीम बी से 21 के मुकाबले 42 स्कोर से मैच जीता। महाविद्यालय सहपाठ्य गतिविधियों के संयोजक डॉ सुरेश शर्मा तथा खेल प्रभारी प्रो. रमेश शर्मा उपस्थित रहे। खिलाड़ियों में अंकित शर्मा, प्रियंचाल, स्वाति, शालू, रिया, आरती शर्मा, बबली, अंशु ठाकुर, अनामिका, तमन्ना, किरण, नेहा, तमन्ना, तथा श्वेता का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

College
Bilaspur (H.P.)

दैनिक भास्कर

24/02/2024

Scanned with CamScanner

# घुमारवीं महाविद्यालय में लगा योग प्रशिक्षण शिविर



बिलासपुर, (आपका फैसला)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में आज आयुर्वेदिक हैल्थ वेलनेस सैंटर भगेड़, में योग प्रशिक्षिका वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरुवाती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वैशाली ने शिविर मे भाग ले रहे एनएसएसए छात्रावास व महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डॉ. रीता ने कहा कि योग शिविर का आज चौथा दिन है इसमे छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में तीन सत्र रखे गए हैं। दिन का सत्र डे.स्कॉलर के लिए विशेष रूप से रखा गया है। शिविर में योग प्रशिक्षकों द्वारा नेति, वमन, आसन, प्राणायाम, ध्यान सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश चंद तथा प्रो. पूजा ने वैशाली का विद्याथियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

आपका फैसला। 26/02/2024

Assistant Librarian
(HEI ...
S...GC ...
Distt. Bilaspur (H.P.)

PAGE

Scanned with CamScanner

# विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास




राजकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में रविवार को आयोजित सात दिवसीय शिविर मे योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी • जागरण

घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में रविवार को योगाभ्यास व सूक्ष्म व्यायाम करवाया। आयुर्वेदिक हेल्थ वेलनेस सेंटर भगेड़ में योग प्रशिक्षिका वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरुआती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वैशाली ने विद्यार्थियों द्वारा पूछने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डा. रीता ने कहा योग शिविर के चौथे दिन छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश चंद तथा प्रो. पूजा ने वैशाली का विद्याथियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। (संस)

दैनिक जागरण 26/02/2024

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (



घुमारवीं। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान भाग लेते प्रतिभागी व अन्य

# लंबी कूद में मीनाक्षी फर्स्ट, किरण सेकेंड

## घुमारवीं कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

स्टाफ रिपोर्टर-घुमारवीं

स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी खेलकूद तथा योग को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि इससे हमारा शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। खेलकूद से हमारा मन-मस्तिष्क सक्रिय होता है। इस अवसर पर उन्होंने मेजर ध्यानचंद, पीटी ऊषा, कपिल देव, मिल्खा सिंह जैसे कई खिलाड़ियों को भी याद किया जिन्होंने विभिन्न खेलों में देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. रमेश और विभिन्न प्रतिगोगिताओं में भाग ले रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विभिन्न प्रतिगोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोलाफेंक, कबड्डी, चक्राफेंक, भाला फेंक, 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर की रेस प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिनमें लंबी कूद में मीनाक्षी प्रथम, किरण द्वितीय, अक्षय प्रथम, प्रिंस कमल द्वितीय, 400 मीटर रेस में मोहित प्रथम, अक्षय द्वितीय, राहुल तृतीय 200 मीटर में आशीष प्रथम, आयुष वर्मा द्वितीय, शॉट पुट में अंकिता और अंकित प्रथम, शबनम और अर्नव द्वितीय, ऊंची कूद में मीनाक्षी प्रथम व नेंसी ठाकुर द्वितीय स्थान पर रही।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रीतम लाल, महाविद्यालय सहपाठ्य गतिविधियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम, प्रो. नीलम शर्मा, डॉ. नित्तम चंदेल, सभी प्राध्यापक तथा गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। विभिन्न खेलों को आयोजित करने में समस्त आचार्य वर्ग तथा गैर शिक्षक वर्ग ने अपनी भूमिका निभाई।

दिव्य हिमाचल 01/03/2024

Scanned with CamScanner

# लंबी कूद में मीनाक्षी और अक्षय प्रथम






घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ सलामी देती खिलाड़ी व इस दौरान उपस्थित टीमें। (कुलवंत)

## उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

घुमारवीं, 29 फरवरी (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्यातिथि प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी खेलकूद तथा योग को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं क्योंकि इससे हमारा शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। खेलकूद से हमारा मत्त-मस्तिष्क सक्रिय होता है। इस अवसर पर उन्होंने मेजर ध्यान चंद, पीटी उषा, कपिल देव, मिल्खा सिंह जैसे कई खिलाड़ियों को भी याद किया जिन्होंने विभिन्न खेलों में देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. रमेश और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रीतम लाल, महाविद्यालय सहपाठ्य गतिविधियों के संयोजक डा. सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम, प्रो. नीलम शर्मा, डा. नित्तम चंदेल, सभी प्राध्यापक तथा गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभिन्न खेलों को आयोजित करने में समस्त आचार्य वर्ग तथा गैर शिक्षक वर्ग ने अपनी भूमिका निभाई।

## ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

**विभिन्न** प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फैंक, कबड्डी, चक्का फैंक, भाला फैंक, 100 मीटर 200 मीटर तथा 400 मीटर की रेस प्रतियोगिताएं करवाई गईं जिनमें लंबी कूद में मीनाक्षी प्रथम, किरण द्वितीय, अक्षय प्रथम, प्रिंस कमल द्वितीय, 400 मीटर रेस में मोहित प्रथम, अक्षय द्वितीय, राहुल तृतीय, 200 मीटर में आशीष प्रथम, आयुष वर्मा द्वितीय शॉटपुट में अंकिता और अंकित प्रथम, शबनम और अरनव द्वितीय, ऊंची कूद में मीनाक्षी प्रथम, नैंसी ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहीं।

पंजाब केसरी 01/03/2024

Assistant ... (HEIS) S. GC ... Ghumarwin Distt. Bilaspur (H.P.)

Principal S. V. Govt. Degree ... Ghumarwin, Distt. B...

Scanned with CamScanner